No. of Page : 4 नामांक ROLL NO. J - 401
No. of Q. : 29

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा, 2019-20

## कक्षा - 12

## विषय - हिन्दी अनिवार्य

समय : 3¼ घण्टे पूर्णांक : 70

नोट :- 1. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
2. प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित है।

### खण्ड - 1

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-1½+1½=3

हमारे यहाँ शिक्षा तो वास्तव में ज्ञान के सम्प्रेषण की विधि है। विधि का अर्थ है- सिखलाना। लेकिन हम सिखलायेंगे क्या? इसके लिए हमारे यहाँ शब्द है- विद्या। विद्या को शिक्षा के माध्यम से प्रेषणीय करते हैं। विद्या वह ज्ञातव्य विषय है; जो हम आप तक पहुँचाना चाहते हैं। हमारे यहाँ मनीषियों ने इस विद्या को अर्थकरी और परमार्थकरी दो भागों में बाँटा है। अर्थकरी वह विद्या है जो समाज में आपको उपयोगी बनाती है, जो आपको जीवन की आजीविका की सुविधाएँ देती है और परमार्थकरी विद्या वह विद्या है जिससे आप समष्टि से जुड़ते हैं। उसमें मानवीय मूल्य हैं, जिनसे आपका हृदय बनता है, आपकी बुद्धि बनती है, आप उदार, स्नेहशील, सद्भाव एवं सम्पन्नता से पूर्ण मानव बनते हैं, जिससे आपकी बुद्धि और हृदय का परिष्कार होता है।

(अ) समाज के लिए कौनसी विद्या अधिक उपयोगी रहती है?

(ब) परमार्थकरी विद्या क्या होती है?

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-1½+1½=3

सावधान मनुष्य! यदि विज्ञान है तलवार,
तो इसे दे फैंक, तज कर मोह, स्मृति के पार।
हो चुका है सिद्ध है तू शिशु अभी नादान,
फूल काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान,
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार
काट लेगा अंग तीखी है बड़ी यह धार।

(अ) मनुष्य के बारे में क्या सिद्ध हो चुका है?

(ब) कवि ने तलवार फेंकने को क्यों कहा है?

P.T.O.

## खण्ड - 2

3. एक या दो पंक्तियों में उत्तर दो-
(अ) भाषा और बोली में क्या अन्तर है? 1
(ब) अलंकार किसे कहते हैं? 1

4. रेखांकित शब्दों का पद परिचय दीजिए-
(अ) रजनी समय से पहले आ गई।
(ब) हमें रोज सवेरे प्राणायाम करना चाहिए।

5. लक्षणा शब्द शक्ति की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण भी दीजिए। 1½

6. 'अम्बर-पनघट में डुबो रही तारा-घट उषा नागरी।' कौनसा अलंकार है और क्यों? 1½

7. निम्नांकित शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए-
(अ) Cabinet ½
(ब) Project ½

8. सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राज. अजमेर की ओर से पुस्तक विक्रेताओं को पुस्तकें खरीदने हेतु पंजीकरण करवाने के लिए समाचार-पत्र में एक विज्ञप्ति का प्रारूप तैयार कीजिए। 2

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए- 4
(अ) प्रजातंत्र में समाचार पत्रों की भूमिका
(ब) मूल्य वृद्धि की समस्या
(स) मेरे सपनों का भारत
(द) मेरा प्रिय कवि

## खण्ड - 3

10. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 5
(उत्तर-सीमा लगभग 80 शब्द)

कहत, नहट, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।
भरै भौन में करतु हैं, नैननु ही सों बात॥
कागद पर लिखत न बनत, कहत संदेसु लजात।
कहिहै सबु तेरौ हियौ तेरे हिये की बात॥

**अथवा**

लाज भरी आँखें थी मेरी,
मन में उमंग रंगीली थी।
तान रसीली थी कानों में,
मैं चंचल छैल छबीली थी॥
दिल में एक चुभन-सी थी,
यह दुनिया अलबेली थी।
मन में एक पहेली थी मैं
सबके बीच अकेली थी॥

11. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- 5

(उत्तर-सीमा लगभग 80 शब्द)

विषय के साध्य या असाध्य होने की धारणा परिस्थिति की विशेषता के अनुसार तो होती ही है पर बहुत कुछ मनुष्य की प्रकृति पर भी अवलम्बित रहती है। क्लेश के कारण का ज्ञान होने पर उसकी अनिवार्यता का निश्चय अपनी विवशता या अक्षमता की अनुभूति के कारण होता है। यदि यह अनुभूति कठिनाइयों और आपत्तियों को दूर करने के अनभ्यास या साहस के अभाव के कारण होती है, तो मनुष्य स्तम्भित हो जाता है और उसके हाथ-पाँव नहीं हिल सकते। पर कड़े दिल का या साहसी आदमी पहले तो जल्दी डरता नहीं और डरता भी है तो संभल कर अपने बचाव के उद्योग में लग जाता है।

**अथवा**

मतलब यह कि अपने बारे में सबसे पहले जो बात सोचने की है, वह यह कि मेरा यह अधिकार है कि मैं अच्छे काम करूँ, अपने जीवन को ऊँचा उठाऊँ, पर मेरा यह कर्त्तव्य भी है कि जो किसी कारण से अच्छे काम नहीं कर रहे हैं, उन्हें अपने कामों से ऊँचे उठने की प्रेरणा देते हुए भी, उन पर अपने अहंकार का बोझ न लादूँ, क्योंकि अहंकार घृणा का पिता है और घृणा जीवन की सम्पूर्ण ऊँचाइयों की दुश्मन है।

12. ''मजदूरी का ऋण तो परस्पर प्रेम की सेवा से चुकता होता है, अन्न-धन से नहीं। वे तो दोनों ईश्वर के हैं।'' ''मजदूरी और प्रेम'' निबन्ध के इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। (उत्तर-सीमा 80 शब्द) 3

**अथवा**

'ममता' कहानी में प्रसाद ने भारतीय नारी के किन गुणों का चित्रण किया है? स्पष्ट कीजिए।

13. शमशेर बहादुर सिंह का साहित्यिक परिचय दीजिए। (उत्तर-सीमा 80 शब्द) 3

**अथवा**

बात और भाषा परस्पर जुड़े होते हैं, किन्तु कभी-कभी भाषा के चक्कर में सीधीबात भी टेढ़ी हो जाती है। कैसे?

14. 'स्वाति एक गुण तीन' यहाँ स्वाति नक्षत्र के तीन गुण कौन-कौनसे बताए हैं?

(उत्तर-सीमा 40 शब्द) 2

15. 'मथुरा काजल की कोठरी' कहकर गोपियों ने क्या आक्षेप किया है? स्पष्ट कीजिए। (उत्तर-सीमा 40 शब्द) 2

16. उपेन्द्रनाथ की एकांकी का शीर्षक "तौलिए" कहाँ तक उचित है? स्पष्ट कीजिए।
(उत्तर-सीमा 40 शब्द) 2

17. अपने बारे में सबसे पहले क्या सोचना चाहिए? 'मैं और मैं' निबन्ध के आधार पर लिखिए।
(उत्तर-सीमा 40 शब्द) 2

18. 'हिम्मत किम्मत होय' क्या आप कवि कृपाराम खिड़िया के इस मत से सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए।
(उत्तर-सीमा 40 शब्द) 2

19. कवयित्री ने सुख का साम्राज्य किसे बताया है? और क्यों?
(उत्तर-सीमा 20 शब्द) 2

20. 'कविता के बहाने' कविता में निहित संदेश लिखिए।(उत्तर-सीमा 20 शब्द) 2

## खण्ड - 4

21. 'उसने कहा था' कहानी आपके मन पर क्या प्रभाव छोड़ती है?
(उत्तर-सीमा 30 शब्द) 2

22. तुलसीदास ने रत्नावली को काशी में रहने की अनुमति क्यों नहीं दी? 2

23. लेखक ने चित्तौड़गढ़ की धूलि को बार-बार मस्तक से क्यों लगाया? 2

24. अजन्ता की गुफाओं के बारे में आप क्या जानते हैं? संक्षेप में वर्णन कीजिए।
(उत्तर-सीमा 80 शब्द) 4

अथवा

समाज में धर्म स्थापना व प्रकृति के सहजीवन के उद्देश्य से संत जंभेश्वर के योगदान का वर्णन करिये।

## खण्ड - 5

**( सभी प्रश्नों के उत्तर-सीमा 40 शब्द है। )**

25. फीचर किसे कहते हैं? और इसे लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। 2

26. रिपोर्ताज की प्रमुख विशेषताएं बताइये। 2

27. विज्ञान पत्रकारिता क्या है? 2

28. साक्षात्कार विधा का महत्व स्पष्ट कीजिए। 2

29. वर्तमान में संचार माध्यमों के कितने रूप प्रचलित हैं? 2

❖❖❖